**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोडरमा–बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को दी मंजूरी, तीन हजार तिरसठ करोड़ रुपये की लागत से परियोजना की जाएगी विकसित, झारखंड के कोयला क्षेत्रों को मिलेगा लाभ।**
2. **केंद्र सरकार की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत खूंटी के 403 गांवों का होगा विकास, ग्रामीणों को दी जाएंगी बुनियादी सुविधाएं।**
3. **चतरा मे सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र सरकार के 11 साल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर बताया केंद्रित, कहा–विकसित भारत के संकल्प के तहत ज़िले मे चल रही कई योजनाएं।**
4. **झारखंड में मतदान केंद्रों की जियो फेंसिंग प्रक्रिया हुई शुरू, मतदाताओं को ऑनलाइन मिलेगी अपने केंद्र और बीएलओ की जानकारी। और,**
5. **पेसा कानून पर कांग्रेस की कार्यशाला रांची मे हुई आयोजित, कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा–कानून लागू करने से पहले ली जाएगी आदिवासी समाज की राय।**

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छह हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में तीन हजार तिरसठ करोड़ रुपये की लागत से कोडरमा–बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है। नई दिल्ली में बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा–बरकाकाना दोहरीकरण परियोजना से 938 गांवों के 15 लाख से अधिक लोगों को बेहतर पहुंच मिलेगी।

*******************

केंद्र सरकार की जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर खूंटी जिले के 403 जनजातीय बहुल गांवों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विकसित किया जाएगा जिसके तहत आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम किसान योजना, पीएम विश्वकर्मा मुद्रा लोन जैसी सुविधाएं गांवों में उपलब्ध कराई जाएंगी। उपविकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने बताया कि इन गांवों को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, दूरसंचार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। आईटीडीए निदेशक आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि 15 से 30 जून तक विशेष शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा।

*******************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक रिपोर्ट–

*******************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर केंद्रित बताया। आज चतरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से देश को वैश्विक पहचान मिली है और विकसित भारत के संकल्प के तहत चतरा में यात्री रेल सेवा समेत कई योजनाएं केंद्र के सहयोग से संचालित हो रही हैं।

*******************

खूंटी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों और बैंक अधिकारियों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दे रही है। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रशिक्षण संस्थान की देवबंद्या महापात्रा ने वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन और प्रोसेसिंग के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर दिया।

*******************

रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा राज्य के सभी मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग के माध्यम से चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए 11 से 13 जून तक विभिन्न जिलों के अधिकारियों को बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जानकारी दी कि इस तकनीक से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, बीएलओ और उसका स्थान ऑनलाइन जान सकेंगे।

*******************

गोड्डा जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के जरिये लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

रांची में आज कांग्रेस की ओर से पेसा कानून को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सरकार पेसा कानून लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और ड्राफ्ट को सार्वजनिक किया गया है।

कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि कानून लागू करने से पहले आदिवासी समाज की राय लेकर आम सहमति बनाई जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी इसे राज्य में लागू करने पर जोर दिया।

**************